>

Title: Issue of drug addiction among youths of Sirsa Constituency.

सुश्री सुनीता दुग्गल : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र – सिरसा में यूथ में ड्रग एब्यूज की समस्या बहुत ज्यादा है । मैंने जब वर्ष 2014 में रतिया विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा तो बहुत-सी महिलाएं मुझे एक साइड में लेकर गईं और कहा कि बेटा, हमारे बच्चों को बचा लो ।

यह एक साइलेंट किलर है । अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट मिनिस्ट्री और मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स से मैं तीन रिक्वेस्ट करना चाहती हूं । एक, मेरे क्षेत्र में सभी नौ विधान सभा क्षेत्रों में रिहैबिलिटेशन सेंटर और डीएडिक्शन सेंटर्स खुलने चाहिए । साथ ही, आप इस विषय पर नियम 193 के तहत चर्चा भी कराएं, क्योंकि यह समस्या पूरे हिन्दुस्तान की समस्या है । यह बड़ी जबर्दस्त समस्या है, यह एक साइलेंट किलर है । मेरी एक रिक्वेस्ट है कि इसके बारे में कोई स्ट्राँग लॉ लेकर आएं, ताकि जो लोग स्मगलिंग में इनवाल्व्ड हैं, उनके ऊपर कार्रवाई करने के लिए अगर कोई सख्त कानून होगा तो वे इसमें इनवाल्व्ड नहीं होंगे । हमारा यूथ, जो हमारे बच्चे इसमें जा रहे हैं, उनको बचाया जा सकेगा । धन्यवाद ।